दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 04
अंकः-56
मुरादाबाद
16 June 2024
(Sunday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

इटली में प्रधानमंत्री मोदी और मेलोनी की सेल्फी, एक- 26 यात्रियों को लेकर जा रहा

दूसरे को किया नमस्ते; बाइडन और पोप को लगाया गले

जी7 शिखर सम्मेलन के %आउटरीच नेशन% सत्र में दुनिया भर के नेताओं ने एक साथ फोटो खिंचवाई। जी7 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक नेताओं से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने सभी देशों के साथ कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी और इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी की सेल्फी और नमस्ते सबसे ज्यादा चर्चा में रहा।प्रधानमंत्री मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इंसियो लूला दा सिल्वा, तुर्की

के राष्ट्रपति रजब तैयब इरदुगान और यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की।

इस दौरान पीएम मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति को गले लगा लिया। इटली में ज7 शिखर सम्मेलन के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री किशिदा से मुलाकात की। पीएम मोदी ने कहा कि शांतिपूर्ण, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत के लिए भारत और जापान के बीच मजबूत संबंध महत्वपूर्ण हैं।

हम बुनियादी ढांचे और सांस्कृतिक संबंधों को भी औरआगे बढ़ाना चाहते हैं।जी-7 सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी ने संयुक्त राष्ट्रीय के सचिव एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने गर्मजोशी के साथ एक दूसरे का अभिवादन स्वीकार किया।जी 7 के मौके पर पीएम मोदी ने पोप फ्रांसिस से मुलाकात की। इस मौके पर पीएम मोदी ने लोगों की सेवा करने के लिए पोप की तारीफ की। साथ ही पोप को भारत आने का निमंत्रण भी दिया।

इटली में प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषिसुनक से मुलाकात की। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि ब्रिटेन के पीएम मे मिलकर खुशी हुई। मैंने भारत-ब्रिटेन के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता दोहराई है। दोनों देशों के बीच सेमीकंडक्टर, प्रौद्योगिकी और व्यापार जैसे क्षेत्रों में संबंधों को गहरा करने की काफी गुंजाइश है।जी-7 के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक-दूसरे को गले लगाया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडन से मिलना हमेशा सुखद होता है। भारत और अमेरिका वैश्विक भलाई के लिए एक साथ मिलकर काम करेंगे। जी-7 के दौरान पीएम मोदी ने जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला बिन अल हुसैन से मुलाकात की। इसको लेकर पीएम मोदी ने ट्वीट करते हुए लिखा, 'जी7 शिखर सम्मेलन के मौके पर जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला बिन अल हुसैन से मुलाकात हुई। भारत जॉर्डन के साथ हमेशा मजबूत संबंधों को महत्व देता है।'वैश्विक नेताओं से मुलाकात करते हुए पीएम मोदी ने आज इटली की प्रधानमंत्री और जी7 शिखर सम्मेलन की मेजबान जार्जिया मेलोनी से मुलाकात की। खास बात यह है कि इटली की पीएम ने भारतीय अंदाज में नमस्ते करके पीएम मोदी का स्वागत किया।

टेंपो ट्रैवलर अलकनंदा में गिरा, नौ की मौत, 12 का रेस्क्यू

रुद्रप्रयाग जिले के पास एक टेंपो ट्रैवलर अलकनंदा में गिरा गया। वाहन में 26 यात्री सवार बताए जा रहे हैं। हादसे में नौ यात्रियों की मौत हो गई। 12 का रेस्क्यू किया गया है।उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले से बड़े हादसे की खबर सामने आई है। यहां एक टेंपो ट्रैवलर अलकनंदा नदी में जा गिरा। हादसे में नौ लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। जबकि 12 को रेस्क्यू किया गया। कई लोगों की हालत गंभीर है। कुछ लोगों को बचाने के लिए अभियान चल रहा है।बताया जा रहा है कि दिल्ली नोएडा से निकले टेंपो ट्रैवलर में 26 यात्री सवार थे। छह हेलिकॉप्टर से सात घायलों को ऋषिकेश एम्स एयरलिफ्ट किया गया है। जानकारी के अनुसार रुद्रप्रयाग शहर से पांच किलोमीटर आगे बदरीनाथ हाईवे पर रैतोली के पास एक टेंपो ट्रैवलर अलकनंदा नदी में गिर गया।सूचना पर पुलिस प्रशासन जिला आपदा प्रबंधन, डीडीआरएफ समेत अन्य टीम मौके पर रेस्क्यू कार्य कर रही है। बताया जा रहा है कि यहां रेलवे लाइन पर काम कर रहे तीन लोग बचाने के लिए कूदे, जिनमें से एक की मौत हो गई। सीएम धामी ने हादसे पर जताया दुख- हादसे के खबर पर दुख जताते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि टेंपो ट्रैवलर के दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत पीड़ादायक समाचार प्राप्त हुआ।

स्थानीय प्रशासन व एसडीआरएफ की टीमें राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी हुई है। घायलों को नज़दीकी चिकित्सा केंद्र पर उपचार के लिए भेज दिया गया है। जिलाधिकारी को घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगतों की आत्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोक संतप्त परिजनों को यह असीम कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें। बाबा केदार से घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जताया दुख- उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में हुई सड़क दुर्घटना पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दुख जताया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट साझा कर कहा कि मेरी संवेदनाएं इस हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों के साथ हैं। स्थानीय प्रशासन और एसडीआरएफ की टीमें राहत व बचाव कार्य में जुटी हैं और घायलों को हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ।पूर्व सीएम हरीश रावत ने की शोक संवेदना व्यक्त- रुद्रप्रयाग घटना पर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता हरीश रावत ने कहा कि मृतकों की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना करता हूं और जो घायल हैं उनके स्वास्थ्य के लिए कामना करता हूं। उनको बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जाए राज्य सरकार से याचना करता हूं। इस समय पर्वतीय क्षेत्रों में दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं। इस पर चिंता करने की आवश्यकता है।

संक्षिप्त समाचार

नीट में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच की मांग, सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिकाओं में की गई ये अपील

सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर नीट-यूजी परीक्षा रद्द करने और कोर्ट की निगरानी में सीबीआई जांच की मांग की गई है। साथ ही परीक्षा को रद्द कर नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है।सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर नीट-यूजी 2024 परीक्षा रद्द करने और 5 मई को आयोजित परीक्षा में कथित अनियमितताओं की सीबीआई या किसी अन्य स्वतंत्र एजेंसी द्वारा शीर्ष अदालत की निगरानी में जांच की मांग की गई है। मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए 20 छात्रों द्वारा दायर याचिका में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) को नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है।सुप्रीम कोर्ट ने मांगा था जवाब- राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (स्नातक)-2024 को लेकर शिकायतों को उठाने वाली अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए, शीर्ष अदालत (Supreme Court on NEET 2024) ने शुक्रवार को परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक और अन्य अनियमितताओं के आरोपों की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच की मांग वाली याचिका पर केंद्र और एनटीए से जवाब मांगा था।

नई याचिका में हुई ये मांग

नई याचिका में कहा गया है कि व्यापक अनियमितताओं और धोखाधड़ी की प्रथाओं को देखते हुए, दोबारा परीक्षा लेने से केवल योग्य छात्रों को मेडिकल संस्थानों में प्रवेश पाने में मदद मिलेगी।

राजनाथ सिंह बोले- हिंद महासागर में नहीं चलने देंगे किसी की भी मनमानी, मत्स्य न्याय स्वीकार नहीं

भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हिंद महासागर में किसी की भी मनमानी नहीं चलने देंगे। चीन का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि मत्स्य न्याय स्वीकार नहीं किया जा सकता है। जिसमें बड़ी मछली छोटी मछली को खा जाती है। राजनाथ आईएनएस जलाश्व का दौरा करने पहुंचे थे।चीन का नाम लिए बिना रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में हमें मत्स्य न्याय स्वीकार नहीं, जहां बड़ी मछली छोटी मछली को खा जाती है। उन्होंने यहां पूर्वी नौसेना कमान की तैयारियों की समीक्षा के लिए समय यह बात कही। दूसरी बार रक्षा मंत्री आईएनएस जलाश्व का दौरा करते यात्रा थी।रक्षा मंत्री ने कहा, 'भारत हिंद बनने के बाद राजनाथ की यह पहली के साथ मिलकर काम करेगा और सर्वजन महासागर क्षेत्र में अपने मित्र राष्ट्रों साथ आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार हितायसर्वजन सुखाय की भावना के और मजबूत करने होगा। वह हिंद महासागर का ध्यान भारत की समुद्री सुरक्षा को उपस्थिति को और अधिक प्रभावी और क्षेत्र में अपनी नौसैनिक शक्ति की भारत हिंद महासागर क्षेत्र को मत्स्य न्याय मजबूत बनाएगी। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करेगी कि हिंद महासागर क्षेत्र क्षेत्र नहीं बनने देगा। भारतीय नौसेना में कोई भी राष्ट्र अपनी आर्थिक क्षमता और सैन्य ताकत के बल पर किसी दूसरे राष्ट्र की संप्रभुता या रणनीतिक स्वायत्तता को दबा या कुचल न सके।संप्रभुता के लिए समुद्री मजबूती जरूरी राजनाथ ने कहा कि देश का हित उसकी समुद्री सुरक्षा से बहुत करीब से जुड़ा है। मजबूत समुद्री सुरक्षा देश की संप्रभुता की ताकत है। भारतीय नौसेना की बढ़ती ताकत समुद्री सीमा की सुरक्षा सुनिश्चित करती है। सुरक्षा के साथ ही हिंद महासागर क्षेत्र से देश का व्यापक हित जुड़ा है। इस क्षेत्र के जरिये व्यापक पैमाने पर व्यापार होता है। इससे हमारे व्यावसायिक हित जुड़े हैं। भारत इस क्षेत्र में होने वाली मत्स्य पालन और खनन संबंधी गतिविधियों में एक बड़ा हितधारक है। ऐसे में भारतीय नौसेना समुद्री सीमा को सुरक्षित करने के साथ हमारे व्यापक राष्ट्रीय हितों को साधने का भी एक माध्यम है। पूर्वी कमान आने की वजह समझाई- पद ग्रहण करने के बाद अपनी पहली पूर्वी कमान की यात्रा पर उन्होंने कहा कि उनकी पहली यात्रा में हमेशा एक संदेश होता है। कहा, पिछली बार मैं सियाचिन गया था। यह सरकार की देश की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता जताने का तरीका है। इस यात्रा से यह पता चला कि हमारा पूरा ध्यान उत्तरी सीमा की सुरक्षा पर है। हमने अपने पिछले कार्यकाल में ऐसा किया भी, चाहे वह बुनियादी ढांचों का विकास हो, सड़क से जोड़ना हो या शांति और स्थिरता सुनिश्चित करना हो, हमारी सरकार ने इन सभी क्षेत्रों पर ध्यान दिया। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं कि सरकार ने हिंद महासागर क्षेत्र पर ध्यान नहीं दिया। समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने पर अधिक ध्यान- राजनाथ ने कहा, पिछले कार्यकाल में हमने हिंद महासागर क्षेत्र पर ध्यान दिया था। लेकिन इस कार्यकाल में पूर्वी कमान की पहली यात्रा के जरिये हम अपने बहादुर नौसैनिकों को बताना चाहता हैं कि सरकार का पूरा ध्यान भारतीय समुद्री सुरक्षा को और अधिक मजबूत करना है। इस क्षेत्र में भारतीय नौसेना की उपस्थिति और ताकत को और मजबूत बनाना है।

जल संकट पर AAP की बैठक: आतिशी बोलीं- हमने हरियाणा से पानी देने की अपील की, चंडीगढ़ में अधिकारी करेंगे बातचीत

आतिशी ने कहा कि दिल्ली के कई इलाकों में पानी की कमी बरकरार है। दिल्ली में पानी की सप्लाई में लगातार कमी बनी हुई है। हिमाचल के मुख्यमंत्री से भी बात हुई है। उन्होंने कहा की जो संभव होगा वो मदद करेंगे। हमने हरियाणा से कहा की थोड़ा पानी अगर वो दे सकते हैं तो बेहतर होगा।

कल दिल्ली के सरकार के अधिकारी चंडीगढ़ जाकर इस मुद्दे पर बात करेंगे।दिल्ली में पानी का संकट गहराता जा रहा है। कई इलाकों में दिल्लीवासियों को पानी की कमी से जूझना पड़ रहा है। इसे देखते हुए दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने आपातकालीन बैठक बुलाई। बैठक में दिल्ली में पानी की समस्या को लेकर समीक्षा की गई। इसमें दिल्ली जलबोर्ड के बड़े अधिकारी शामिल थे। आतिशी ने कहा कि दिल्ली के कई इलाकों में पानी की कमी बरकरार है। दिल्ली में पानी की सप्लाई में लगातार कमी बनी हुई है। वजीराबाद तालाब में पानी खत्म हो गया है। मुनक नहर में भी पानी की कमी चल रही है। पानी की कमी के चलते वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में भी पानी का कम प्रोडक्शन हो रहा है। दिल्ली में करीब 70 एमजीडी पानी का उत्पादन कम हो रहा है। बवाना, नांगलोई में बोरवेल के जरिए पानी की सप्लाई की जा रही है। टैंकर की ट्रिप्स बढ़ाई गई है। 10 एमजीडी पानी टैंकर के जरिए मुहैया कराया जा रहा है। आने वाले दिनों में टैंकर की संख्या बढ़ाई जाएगी। यमुना अपर बोर्ड की बैठक में कोई समाधान नहीं निकला है। आतिशी ने आगे कहा कि हिमाचल के मुख्यमंत्री से भी बात हुई है। उन्होंने कहा की जो संभव होगा वो मदद करेंगे। अभी कुछ डॉक्यूमेंट अपर यमुना बोर्ड को हिमाचल ने देने है। हमने हरियाणा से कहा की थोड़ा पानी अगर वो दे सकते हैं तो बेहतर होगा। कल दिल्ली के सरकार के अधिकारी चंडीगढ़ जाकर इस मुद्दे पर बात करेंगे।

संपादकीय Editorial

Terrorist attacks in Jammu

It is pointless to link the sudden increase in terrorist attacks in Jammu region of Kashmir to the swearing-in of the Modi government, but pilgrims were attacked in Reasi area, in which 9 people were killed and many were injured. After that terrorist attacks were carried out in Kathua and Doda. Of course the terrorists of Kathua were killed, but a CRPF jawan was also 'martyred'. In Doda, on the night of Tuesday, 11 June, a joint post of Assam Rifles and Special Police Officer was also attacked, in which 6 jawans were injured. According to Anand Jain, Additional Director General of Police of Jammu region, Pakistan wants to disturb the religious pilgrimages by spoiling the atmosphere of Jammu. Jammu-Kashmir Assembly elections are to be held in the coming months, so terrorists are infiltrating. There is an unauthorized route going towards Pakistan, which the terrorists are using and are escaping the clutches of our military force. Even now 3-4 terrorists are roaming in a group near Doda. They will be killed soon. In view of the sudden increase in terrorist attacks, some questions are apt and serious. Has the pro-Pak terrorism shifted from Kashmir valley to Rajouri, Poonch, Doda etc. areas of Jammu? Are the dense forests there the hideouts of terrorists and adequate intelligence information is not being received from there? Are Pakistan, intelligence agency ISI and terrorist groups in panic due to the formation of Modi government for the third time in India? Is Pakistan afraid of any lethal attack from India? Can the Modi government launch any military attack to destroy the terrorist bases? Was more than 50 percent voting done in the Lok Sabha elections because the average Kashmiri has faith in democracy? Are the pro-Pak terrorists angry with the increase in tourism and business, and hence are carrying out attacks as a revenge? Anyway, the answers to these questions will keep coming out on their own. It is a solid fact that in the last one year, about a dozen encounters have taken place in Rajouri-Poonch area, in which more than 25 terrorists were killed, but more than 20 security personnel have also been 'martyred'. This series of martyrdom will continue, because a strong intelligence network to provide information about terrorist activities is being prepared. In Rajouri-Poonch, the infiltrator terrorists have 'local help', which has been identified. However, there are no 'local terrorists' in Jammu. Here the terrorists coming from Pakistan are carrying out attacks. The example of Kathua is that the local people did not even give drinking water to the terrorists and informed the police. As a result, the terrorists were caught and killed. In fact, now terrorist attacks have taken place in those areas, where till a few years ago it was believed that terrorism had almost been wiped out. Here no major terrorist attack was carried out during the last 15-20 years, but in the last few intervals terrorists have started appearing. They are the ones carrying out attacks. Of course, in 2019, amendments were made in the Constitution regarding Jammu and Kashmir, which improved the situation, economic activities related to terrorism were curbed, but the problems still exist. Separatism and divisive thinking still persist in Kashmir. This mentality has not been eradicated because our system has failed to provide the necessary political options. However, today there is no terrorism in Jammu and Kashmir, which used to be there 12-15 years ago. There used to be hundreds of terrorist incidents in a year. Today terrorism is negligible in Kashmir, stone pelters have disappeared, no one listens to the calls of separatist leaders now.

Pak-Naapak: Pakistan's Prime Minister and his ministers are breaking their own rules morning and evening

Call it the irony of Pakistan that while the common people have been banned from using X, the Prime Minister himself and his cabinet members are breaking their own rules by using X morning and evening. The civilian dictatorship is adopting all kinds of tactics to end the freedom of expression. Freedom of speech, a media free from militant and all kinds of censorship, the power to tolerate dissent, suppressing dissent - all these are issues related to freedom of expression, which we are reading and hearing about all over the world. Everywhere the rulers and powerful people are trying to suppress the voice of the media. They allow only those news to be published and broadcast which they like. Countries in South Asia are no different from the rest of the world and this week I would like to draw the attention of Amar Ujala readers to the news that the main parties in Pakistan have come together to ensure that a law is enacted to further suppress the voice of the media. However, the most disappointing news in the news of silencing the Pakistani media has come from the Pakistan People's Party of the late Benazir Bhutto, which has joined the Pakistan Muslim League (Nawaz) Maryam Nawaz government in Punjab province in passing the new controversial Punjab Defamation Bill, 2024, to silence the angry citizens who use social media to express their feelings. In the past, military dictators like General Zia ul Haq had completely banned freedom of expression and even publicly flogged those who protested. Even today, an elderly colleague of mine, Nasir Zaidi, is alive, who tells how the dictator flogged him for daring to write freely. Today, the civilian dictatorship is adopting all kinds of tactics to end the freedom of expression. Not only this, now a dangerous trend of disappearance and murder of journalists is also being seen. Earlier, like dictators around the world, Pakistan's Prime Minister Shahbaz Sharif had banned X in the whole of Pakistan a few months ago. Then people had to install VPN, which helps to unblock the system, so that users can tweet. Some of these VPNs are free, while for some others you have to pay, only then you can access X. But the irony is that while the common people have been banned from using X, the Prime Minister himself and all the members of his cabinet are breaking their own rule by using X morning and evening. This week we all laughed at the fact that despite X being blocked, Prime Minister Shahbaz Sharif and his brother Nawaz Sharif congratulated the Indian Prime Minister on his victory in the general elections by tweeting and Prime Minister Modi also responded by tweeting. Everyone understood this hypocrisy that how the politicians of Pakistan are violating their own law. Now the government of Punjab province has officially issued a gazette notification for the Punjab Defamation Bill, 2024, which is said to be controversial. The new law aims to deal with misinformation on social media platforms such as YouTube, TikTok, X, Facebook and Instagram, allowing defamation suits to be filed against those spreading 'fake news'. Everyone agrees that some of what is posted on social media is hate-filled and unacceptable. But instead of closing those accounts that try to cause harm, you cannot shut down the entire network. The journalist community has strongly opposed this bill. It has been condemned as undemocratic. Strong objections have also been raised by human rights activists for hampering freedom of the press. The English daily The Dawn wrote in the editorial- 'These developments are a reminder that the freedom of expression and speech granted by our Constitution is being clamped down on, which the common citizen has not yet fully understood. The concern here is not that citizens should be allowed to say or consume whatever they want, after all as citizens they are also bound by the law of the land. Rather the fear is that these tactics will be used to target only a select few who disagree with the police and the establishment.' The other shocking news of this week is that the Shahbaz Sharif government is now building an internet firewall, which the authorities have reportedly started implementing secretly, which will allow them to spy on everything that Pakistani users post or view on the internet. This internet firewall is like the Great Firewall, which is used by Chinese authorities to keep an eye on their citizens. This internet firewall will work like the internet police. Reports suggest that the government has started using various technologies to monitor what a user is saying, listening or reading on the internet. There is a view that the possibility of its misuse is very high, so this project should be brought under scrutiny at appropriate forums before it is completed. Pakistan cannot afford to allow dictators to increase control over its people. The continued efforts to stifle freedom of expression must be reined in.Abbas Nasir, editor of the newspaper, said: 'It is notable that any discussion on media these days almost always excludes traditional media, such as dozens of 24-hour TV channels and newspapers, in addition to online news sites. There can only be one reason for this: traditional media is now so subservient to the authorities that it is largely considered their mouthpiece, despite very few honourable exceptions. That's sad if you ask me.' However, based on my experience over several decades, I believe that the Pakistani media will fight back. Even in the past, it has resisted military and civilian dictatorships. We will fight to regain our place, raise our voice and speak the truth.

Water crisis: Politics will not quench Delhi's thirst, government is helpless in front of tanker mafia

Politics is one thing, but the Delhi government, which is unable to curb the tanker mafia, is not able to pay full attention to the treatment and storage of water. Although the people of Delhi, who are facing the brunt of the weather, have to deal with a huge shortage of water every year during the scorching heat. But for the last few days, Delhiites are facing a huge shortage of water. Delhi's Water Minister Atishi has been blaming the Lieutenant Governor of Delhi and sometimes the Haryana government for the water crisis in Delhi, while the Lieutenant Governor is blaming water theft and wastage as the main reason for the water crisis. The Supreme Court has reprimanded the Delhi government for failing to curb the tanker mafia and has also admitted that this is the reason why this problem has taken such a terrible form. Now that Himachal has clearly stated that it does not have 136 cusecs of water to give to Delhi, the apex court has left the decision to give water to Delhi to the Upper River Yamuna Board, saying that it does not have the technical expertise to resolve the complex issue of water sharing. The question is also that when Haryana is giving full water to Delhi, why is Delhi facing water shortage. Why are the people of Delhi yearning for water, why are they bent on fighting? In reality, this process has been going on since the AAP government came into existence in Delhi. Delhi should get a total of 1,050 cusecs of water from Haryana. From May 1 to 22, 719 cusecs of water was released in the Carrier Line Canal (CLC) of Haryana Munak Canal and 350 cusecs of water was released in Delhi Sub Branch (DSB) Canal. Two to three days before the voting, it was reduced to 91 cusecs. As far as the repair and maintenance of Munak canal is concerned, it is absolutely wrong to blame the Delhi government for it, because the responsibility of repair and maintenance of the canal lies with the irrigation department of the Haryana government. In reality, water is brought to Bawana from Munak canal. If water is stolen before Bawana, then the Haryana government is responsible for it. This is about whether water comes or not from other states. The level of Wazirabad reservoir falling five feet below normal due to less water is a sign of danger. Talking about the water ATMs installed at various places in Delhi for the people, about which exaggerated claims were being made to quench the thirst of the people in the scorching heat, the reality is that they are lying defunct. As far as water treatment plants are concerned, at present nine water treatment plants are working beyond their capacity. A new plant will be ready in Dwarka by December. But, the real problem is the demand and availability of water. The demand for water in Delhi is 1,296 MGD to 1,300 MGD, while the supply is only 998.8 to 1,000 MGD. Naturally, there is always a shortage of 300 MGD of water. In view of the water crisis, there was a plan to install a total of 587 tube wells. In the first phase, some of these were installed, which are providing 19 MGD of water, while in the second phase, an amount of Rs 1,800 crore was required for 2,590 tube wells, which has not been approved yet. Moreover, the capacity of the Delhi government's water board is only to treat 90 crore gallons of water. The reality is that the Delhi government itself is not able to pay full attention to the treatment and storage of water. In such a situation, how the Delhi government will be able to fulfill the water needs of the people of Delhi is beyond comprehension. Whereas the Supreme Court has directed the Delhi government to present a plan to stop the wastage of water. In such a situation, when the leakage and bursting of 40-50 year old pipelines is a daily affair and wastage of thousands of gallons of water is a routine affair, then without improving these, how will the people of Delhi get rid of the water crisis in the coming days, it is beyond comprehension. After Himachal's refusal and the Supreme Court's order to approach the Upper River Yamuna Board, it remains to be seen what steps the Delhi government will take for water now.

हाथ में कड़ा देख पत्नी ने की थी अजय के शव की पहचान, मृतक के मोबाइल में दफन कई राज

मुरादाबाद- मंडी चौक साहू स्ट्रीट में मेसर्स फूल कुमार-रमेश कुमार एंड संस (अलंकार ज्वेलर्स) के कारोबारी अलंकार अग्रवाल के नौकर अजय कुमार हत्याकांड में अभी कई राज का पर्दाफाश होना बाकी है। अजय ने सोना किसे बेचा है, ये पुलिस को नहीं पता है। गोल्ड बेचने को उसने किसे कॉल की थी, ये अभी राज है। इसके अलावा मोबाइल मिले तो सार्वजनिक हो कि अजय और अनमोल अलंकार ज्वेलर्स को ठगने की योजना कब से बना रहे थे। योजना को साकार करने के लिए अजय ने किस-किस से फोन पर क्या-क्या बातें की हैं। पुलिस की एक टीम अजय के मोबाइल की तलाश में लगी है।पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने मृतक के मोबाइल को ऑन कर गाजियाबाद-दिल्ली के बीच मैट्रो स्टेशन के पास झाड़ियों में फेंका था। इसकी लोकेशन भी ट्रेस हुई थी लेकिन, अब वह फोन बंद जा रहा है। दिक्कत आ रही है। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही मृतक अजय का मोबाइल बरामद होगा और फिर सभी संदेह कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह के मुताबिक, मुख्य आरोपी अनमोल मृतक अजय से मुरादाबाद में आकर अनमोल और अजय अलंकार ज्वेलर्स के यहां से मोटी रकम मिलने के इंतजार में थे। 11.30 तक आरोपी ने कर हत्या- एसएसपी हेमराज मीना का कहना है कि मृतक अजय चार जून की सुबह करीब 8.40 बजे अलंकार रुपये व गोल्ड लेकर निकला था। इसके बाद सुबह के 9.30 बजे के दौरान उसका मोबाइल डबल फाटक पर बंद नहटौर में एक बार उसके मोबाइल की लोकेशन ट्रेस हुई थी। शायद इसने गोल्ड खरीदने वाले को फोन करने को किया हो, उसके बाद फिर बंद हो गया था। एसएसपी ने बताया कि इस तरह आरोपियों ने अजय को उसी दिन बजे मार दिया था। इस तरह हुई अजय के शव की पहचान-कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह के मुताबिक, के शव की शिनाख्त कराई थी। उसके बताने पर ही उसे उत्तराखंड में लैंसडाउन थाना क्षेत्र के जंगल में ले जाया गया था। अजय का शव अधजला था। लेकिन, वह अपने हाथ में जो कड़ा पहने था वह नहीं जला, जिसे देखकर उसकी पत्नी ने शव अजय का ही होने की पहचान की थी। कार में मृतक का ड्राइविंग लाइसेंस मिला था। अनमोल के अन्य दोनों साथियों ने घटना का विधिवत खुलासा किया है। सीसीटीवी फुटेज व ज्वेलर्स से मिले थे अहम बिंदु- थानाध्यक्ष ने बताया कि अलंकार अग्रवाल ने नौकर के लापता होने की जब थाने पर सूचना दी थी तभी से पुलिस पड़ताल में लग गई थी। रुपये व गोल्ड लेकर जब अजय दिल्ली के लिए निकला तो पुलिस उसी जगह से सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू कर दी थी। जिसमें वह पहचान में आया और उसने रास्ता भी बदला था। सीसीटीवी फुटेज व अलंकार अग्रवाल से पूछताछ में भी कई ऐसे बिंदु मिले, जिनके उत्तर ने उन्हें मुख्य अभियुक्त अनमोल तक पहुंचाया। दूसरे, अजय के मोबाइल की लोकेशन बिजनौर के नहटौर में मिली थी। फिर पुलिस अनमोल की तलाश में जुट गई थी। मुख्य आरोपी अनमोल के गिरफ्त में आते ही सारे राज खुल गए थे।

अजय हत्याकांड : मृतक के मोबाइल में दफन कई राज, अजय के फोन की तलाश में सक्रिय है पुलिस टीम

फैक्टरी में विवाद के बाद दोनों की नौकरी गई, आरोपी ने दी थी धमकी.. फिर कर दिया कत्ल

मुरादाबाद-पाकबड़ा इलाके में पबजी खेलने के विवाद के बाद एक युवक की हत्या कर दी गई। उसके परिजनों ने पुलिस ने बताया कि दोनों के बीच कुछ समय पहले एक फैक्टरी में काम करने के दौरान नोकझोंक हुई थी। इसके बाद आरोपी ने सुरेंद्र की हत्या कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हासमपुर गोपाल गांव

खेलने के विवाद में सुरेंद्र की बताया जाता है कि सुरेंद्र और के बीच चार माह पहले था। इस विवाद की वजह से नौकरी से निकाल दिया दोनों के बीच रंजिश चल रही निवासी सुरेंद्र सिंह के भाई में मोबाइल पर पबजी हत्या कर दी गई। मुख्य आरोपी योगराज फैक्टरी में विवाद हुआ मालिक ने दोनों को था।इसके बाद से थी। हाशमपुर गोपाल धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि सुरेंद्र सिंह और योगराज सिंह दोनों एक ही फैक्टरी में काम करते थे। यहां दोनों के बीच चार माह पहले भी झगड़ा हो हुआ था। तब फैक्टरी मालिक ने दोनों को फैक्टरी से निकाल दिया था। घर लौटने के बाद भी योगराज ने सुरेंद्र से झगड़ा किया था। आरोपी ने उसे देख लेने की धमकी दी थी। तब कुछ लोगों ने बीच में पड़कर समझौता करा दिया था। बृहस्पतिवार को आरोपी ने मौका पाकर अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी थी। सिर में चोट लगने से हुई मृत्यु- पुलिस ने शुक्रवार को सुरेंद्र के शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चला है कि सुरेंद्र के सिर पर चोटों के कई निशान थे। इसके अलावा उसके सिर में चोट लगने के कारण उसकी मृत्यु हुई थी। आरोपियों की तलाश में पुलिस ने दी दबिश- पाकबड़ा थाने की पुलिस ने आरोपियों की तलाश में उनके घर दबिश दी लेकिन वह घटना के बाद ही फरार हो गए थे। इसके अलावा आरोपियों की रिश्तेदारियों में पुलिस ने दबिश दी है लेकिन अब तक सफलता नहीं मिल पाई है। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि आरोपियों की तलाश में टीमें लगी है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। थाने में लाश रखकर किया हंगामा- हासमपुर गोपाल गांव में बृहस्पतिवार दोपहर मोबाइल पर पबजी खेलने के विवाद में एक युवक पर डंडे से हमला कर दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शुक्रवार दोपहर शव लेकर परिजन थाने पहुंच गए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा किया। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। हासमपुर गोपाल गांव निवासी सुरेंद्र सिंह(22) अपने गांव के बाहर हासमपुर चौराहे पर गांव निवासी योगराज सिंह के साथ बैठा हुआ मोबाइल पर पबजी खेल रहा था। पबजी खेलते हुए सुरेंद्र सिंह और योगराज में विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो योगराज सिंह ने सुरेंद्र सिंह पर हमला बोल दिया। योगराज सिंह के साथ गांव निवासी सन्नी, तीर्थ सिंह और भीमा ने आकर उन्होंने सुरेंद्र सिंह को पीटना शुरू कर दिया। लाठी डंडे और सरिया से सुरेंद्र सिंह को इतना पीटा की वह लहूलुहान हो गया। सुरेंद्र के शरीर पर कई स्थानों से खून बहने लगा था। आसपास के लोगों ने उसे जैसे तैसे इन हमलावरों से बचाया और मामले की जानकारी सुरेंद्र के परिजनों को दी। घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां शुक्रवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन शव लेकर पाकबड़ा थाने पहुंच गए। उन्होंने हंगामा किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। थाना प्रभारी ने परिजनों को आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी करने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर चले गए। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि केस दर्ज लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगी हैं।

पीड़ित पक्ष का आरोप अगवानपुर के पूर्व सभासद ने की छेड़खानी विरोध करने पर की मारपीट महिला पर डाला तेजाब

क्यूँ न लिखूँ सच
सिकंदर अली

उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब पीड़ित पक्ष ने छेड़खानी का विरोध किया आरोप लगाते हुए बताया गया है कि पूर्व सभासद मोनू महिला के साथ छेड़खानी की थी इतना ही नहीं जब हमने इस बात का विरोध किया तो दबंग पूर्व सांसद ने आपने साथियों ने मिलकर पीड़ित पक्ष के साथ जमकर मारपीट कर डाली इतना ही नहीं दबंगों ने प्रीति नाम की महिला के हाथ पर तेज़ाब डालकर उसको जलाने का प्रयास किया वही इस बात का जब पीड़ित पक्ष ने विरोध किया तो मोनू, राजेंद्र ,प्रिंस, और सचिन नाम के दबंग लोगों ने उल्टा ही पीड़ित पक्ष के साथ मारपीट कर डाली वहीं इस मारपीट में सुमित अतुल रोहित और देवेंद्र और महेंद्र नाम के व्यक्ति के मारपीट में घायल हो गए

वहीं जब इस मामले की सूचना सिविल लाइंस पुलिस को दी तो पुलिस ने उनकी शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर दिया लेकिन घटना में शामिल आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के बाद नाराज परिजनों ने सिविल लाइंस थाने पर पहुंचकर हंगामा करना शुरू कर दिया वही पीड़ित पक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि सिविल लाइंस पुलिस को आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए नहीं तो हम इस थाने के सामने आत्महत्या कर लेंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी

संक्षिप्त समाचार

रोहित पर फायर करने वाला बंटी सैनी पुलिस मुठभेड़ में घायल, पैर में लगी गोली

मुरादाबाद- कटघर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को रोहित और फायर करने वाला बंटी सैनी पुलिस की मुठभेड़ में घायल हुआ है। मुठभेड़ कल्याणपुर रोड पर हुई है। बंटी के पैर में गोली लगी है।एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि शुक्रवार को बसंत विहार में रहने वाले रोहित को जान से मारने की नीयत से बंटी ने उस पर गोली चलाई थी। इस घटना में रोहित घायल हुआ था। इस मामले में कटघर थाने में मामला भी दर्ज किया गया था।पुलिस उसे गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही थी, तभी रात में कल्याणपुर रोड पर उसकी पुलिस से मुठभेड़ हो गई। जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी है। यह कटघर थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर भी है। मुठभेड़ में घायल हुए हिस्ट्रीशीटर को इलाज के लिए पुलिस जिला अस्पताल में लेकर आई है।

इंस्टाग्राम पर युवक से हो गई दोस्ती, किशोरी को ले गया साथ, अब परिजनों ने कह दी बड़ी बात

मुरादाबाद-मुरादाबाद की रहने वाली किशोरी घर से अचानक गायब हो गई। परिजनों ने बताया कि उसकी सोशल मीडिया के माध्यम से एक युवक से दोस्ती हुई थी। किशोरी घर से नकदी और जेवर भी अपने साथ ले गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।मुरादाबाद की रहने वाली किशोरी घर से अचानक गायब हो गई। परिजनों ने बताया कि उसकी सोशल मीडिया के माध्यम से एक युवक से दोस्ती हुई थी। किशोरी घर से नकदी और जेवर भी अपने साथ ले गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।मझोला थाना क्षेत्र रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी घरों में चौका बर्तन करती है। 12 जून की सुबह करीब आठ बजे वह मजदूरी करने चला गया था। पत्नी भी लोगों के घरों में काम करने गई थी।उस वक्त घर में 15 वर्षीय बेटी अकेली थी। किशोरी ने इंस्टाग्राम पर आईडी बना रखी है। इंस्टाग्राम के जरिए उसकी दोस्ती कृष्णा नाम के युवक से हो गई थी। आरोप लगाया कि आरोपी कृष्णा उसकी किशोरी को बहलाफुसला कर अपने साथ अगवा कर ले गया। जाते समय किशोरी घर से दस हजार रुपये की नकदी, चांदी की पाजेब और एक मोबाइल फोन भी ले गई है। मझोला केके वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी कृष्णा के खिलाफ बहलाफुसला कर अगवा करने का केस दर्ज किया गया है। पत्र भेजकर साहूकार से मांगी 10 लाख रुपये की रंगदारी- सिविल लाइंस क्षेत्र में रहने वाले साहूकार को पत्र भेजकर 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई है। आरोप है कि रकम न देने पर आरोपी ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है।सिविल लाइंस दयानंद कॉलेज के पीछे प्रेम गली के पास रहने वाले नरेंद्र चंद्र अग्रवाल साहूकार हैं। उनके बेटे अधिवक्ता हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पास डाक के जरिए एक पत्र आया है। जिसमें आरोपी ने 10 लाख रुपये की मांग की है।आरोपी ने धमकी दी है अगर उसके बताए पते पर दस लाख रुपये नहीं भेजे तो पूरे परिवार को जान से मार दूंगा। पीड़िता कहना है कि इससे पहले भी आरोपी उन्हें धमकी भरे पत्र भेज चुका है। पत्र पाकबड़ा निवासी रेहान अहमद के नाम से भेजे गए हैं। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

महानगर के मास्टर प्लान पर मुख्यमंत्री जल्द लगाएंगे मुहर

मुरादाबाद- महानगर के विकास के लिए मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा तैयार किया गया मास्टर प्लान 2031 जल्द ही शासन से पास होने वाला है। एमडीए उपाध्यक्ष शैलेष कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष मास्टर प्लान 2031 को पेश कर दिया है। इस मास्टर प्लान से मुख्यमंत्री पूरी तरह संतुष्ट भी हुए हैं। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा जनपद के विकास के लिए प्रति 10 वर्ष में मास्टर प्लान तैयार किया जाता है। जिसके

तहत मास्टर प्लान 2031 तैयार करके छह माह पहले शासन को भेजा गया था। लेकिन, बीच में चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण मास्टर प्लान लटक गया था। छह दिन पहले ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों ने एमडीए उपाध्यक्ष को मुख्यमंत्री के सामने मास्टर प्लान के प्रजेंटेशन की तैयारी को कहा था और मुख्यमंत्री के सामने प्रजेंटेशन को भी कहा था। जिसके तहत गुरुवार को एमडीए उपाध्यक्ष शैलेष कुमार ने प्रजेंटेशन किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इसका प्रजेंटेशन हुआ। एमडीए उपाध्यक्ष शैलेष कुमार ने बताया कि मास्टर प्लान के प्रजेंटेशन से मुख्यमंत्री पूरी तरह संतुष्ट नजर आए। उन्होंने अधिकारियों को इसी माह मास्टर प्लान पास करने के निर्देश भी दिए हैं। एमडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि अब मास्टर प्लान की सभी बाधाएं दूर हो गई हैं। उम्मीद जताई कि नया मास्टर अगले 10 से 15 दिन में पास होकर आ सकता है। इसके बाद नए मास्टर प्लान की उम्मीद में पिछले दो-तीन साल से रुके विकास कार्य भी तेजी से शुरू कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने प्राधिकरण अधिकारियों को जारी किए निर्देश- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सीमा विस्तार में शामिल नए गांवों को महायोजना में आबादी के रूप में ही दर्ज करें, ग्रीन बेल्ट के रूप में नहीं। नदियों, पोखरों व अन्य जलाशयों पर अतिक्रमण स्वीकार नहीं है, लखनऊ की कुकरेल नदी की तर्ज पर कार्रवाई करें। महायोजना में मेडिसिटी, स्पोर्ट्स सिटी, एजुकेशन सिटी, कन्वेंशन सेंटर के लिए स्पष्ट क्षेत्र चिह्नित होना चाहिए। जनसमस्याओं के निस्तारण में तेजी लाने, नक्शा पास कराने जैसे सामान्य कार्यों में अनावश्यक विलंब न करें। जहां कहीं भी ग्रीन बेल्ट है, वहां किसी भी दशा में नई कॉलोनी न बसने पाए। महायोजना में शामिल नई कॉलोनी के विकास पर ध्यान दें। सड़क, सीवर, बिजली, पानी जैसी सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता हो। महायोजना को अंतिम रूप देते समय यह ध्यान रखें कि यदि कोई धार्मिक स्थान है तो उसे उसी रूप में दर्ज करें। सड़कों का चौड़ीकरण करते समय ड्रेनेज और यूटिलिटी डाक्ट की व्यवस्था बेहतर ढंग से की जाए। नगर में रिंग रोड का विकास कराया जाए।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

शराब के नशे में महिलाओं के साथ मारपीट दोनों तरफ से आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ - गांव दरियापुर में कुछ युवकों द्वारा शराब के नशे में महिलाओं के साथ मारपीट कर देने को लेकर दो पक्ष आमने सामने आगए। दोनों ओर से जमकर मारपीट हो गई। गांव दरियापुर निवासी हरिवेजी पत्नी लक्ष्मण सिंह ने थाने में लिखाई रिपोर्ट में कहा है कि वह अपने घर से खेत पर बने मकान पर जा रही थी। तभी रास्ते में श्रीपाल पुत्र टीकम सिंह, अनिल,कन्हैया, पुष्पेन्द्र व करिश्मा पुत्रगढ श्रीपाल सिह भी रास्ते में थे। कन्हैया व पुष्पेंद्र शराब के नशे में गाली गलौज कर रहे थे। जब उसने मना किया तो उपरोक्त लोगों उन्हें पकड़ लिया और आक्रोशित होते हुए मारपीट करने लगे। मारपीट में उसके मुंह एवं शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। इसी दौरान बीच बचाव में आए गांव के ही योगेंद्र एवं लक्ष्मण को भी दवंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष से पुष्पेंद्र पुत्र श्रीपाल सिंह ने कहा है कि रात के समय गांव के योगेंद्र, लक्षण व नीटू सिंह घर में लाठी डंडे लेकर घुस आए एवं उनके साथ मारपीट की है। जिससे उसके सिर व पिता के चोटें आई है। मामले दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कारवाई की जा रही है।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नहरों के संचालन के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच
अरविन्द कुमार यादव

श्रावस्ती। जिलाधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में नहर के संचालन एवं नहर संचालन हेतु जारी रोस्टर की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों के माँग के अनुरूप नहरों में सिंचाई हेतु पानी की व्यवस्था मुकम्मल करायी जाए, ताकि किसानों को सिंचाई की कोई दिक्कत न होने पाये। उन्होंने कहा कि किसान देश के अन्नदाता है, उनके खेतों को सिंचाई के लिए समय से पानी मिलेगा तो निश्चित ही उनके खेतो में पैदावार बढेगी। इससे किसान लाभान्वित होगे और उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार आयेगा। बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि लगभग 34 माइनरों में रोस्टर के अनुसार पानी पहुंचाया जा रहा है।
जिससे कि जनपद के किसानों को फसलों की सिंचाई हेतु समय से पानी मुहैया कराया जा रहा है। बैठक का संचालन अधिशासी अभियंता सरयू नहर खण्ड-6 विकास शिरोमणि सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, अधिशासी अभियंता सरयू नहर खण्ड-प्रथम नानपारा हर्ष कुमार, अधिशासी अभियंता सरयू नहर खण्ड-नानपारा मलखान सिंह, अधिशासी अभियंता सरयू नहर खण्ड-5 बहराइच दिनेश कुमार, चित्तोड़गढ़ बांध निर्माण खण्ड बलरामपुर अखिलेष कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता सरयू नहर खण्ड-प्रथम बलरामपुर मो0 परवेज सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

संक्षिप्त समाचार

आईपीएस अधिकारी की सख्त कार्रवाई से मची पुलिस विभाग में खलबली; रिश्वत मांगने वाला दारोगा सस्पेंड

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ - अलीगढ़ हरदुआगंज क्षेत्र के साधू आश्रम हल्का इंचार्ज ताहिर हुसैन को एसएसपी संजीव सुमन ने निलंबित कर दिया है। एक प्रकरण में दो पक्षों के बीच फैसला होने के बावजूद दारोगा ने 20 हजार रुपये की मांग की थी। तीन हजार रुपये ले लिए थे। इसके बाद 17 हजार रुपये के लिए दबाव बना रहे थे। शुक्रवार को रिश्वत लेते हुए उनका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ था।जब वादी पक्ष समझौते की कॉपी लेकर दारोगा ताहिर के पास गए तो उन्होंने 20 हजार रुपये की मांग की। न देने पर कॉपी लेने से इनकार कर दिया। दो जून की दोपहर करीब दो बजे दारोगा तालानगरी में संजय की फैक्ट्री पर आए, जहां दोनों पक्ष के लोग थे। इन्होंने समझौते की कॉपी के साथ दो हजार रुपए रखकर देने चाहे, लेकिन दरोगा नहीं माने।



दबंगों ने परिवार को पीटा, पुलिस से की अभद्रता

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ -अलीगढ़ के थाना सासनीगेट इलाके में दबंगों ने दो भाइयों को घर से खींचकर लाठी डंडों और पिस्टल की बट मारकर लहूलुहान कर दिया। आरोप है कि दबंगों ने कई राउंड फायरिंग भी। घटना से इलाके में खलबली मच गई। बेटे को बचाने आई मां पर भी दबंगों ने असलहा की बट से हमला किया। महिला का आरोप है कि पुलिस ने कार्यवाही करने के बजाय उनको ही बन्द कर दिया। आरोप ये भी हैं कि दबंगों ने पुलिसकर्मियों से भी अभद्रता की। मामले में एक मुकदमा पीड़ित व दूसरा पुलिस की तरफ से दर्ज किया है। घटना की पुष्टि सीओ प्रथम अभय पांडेय ने की है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवा दिया।

दो एसओ को किया लाइन हाजिर, खनन व जनता से दुर्व्यवहार बना कारण

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ -अलीगढ़ आचार संहिता हटते ही एसएसपी ने उन थाना प्रभारियों पर गाज गिराना शुरू कर दिया है, जिनकी शिकायतें लगातार मिल रही थीं। चेतावनी के बाद भी वे आदतों से बाज नहीं आ रहे थे। इसी क्रम में आचार संहिता के बाद पहली क्राइम मीटिंग में हरदुआगंज व अकराबाद के थाना प्रभारी लाइन हाजिर कर दिए गए। अकराबाद एसओ पर खनन नहीं रोक पाने और एसओ हरदुआगंज पर जनता से दुर्व्यवहार का आरोप था। बैठक में छेरत पुलिस लाइन में पुलिस म्यूजियम बनाना तय किया गया है। पुलिस लाइन सभागार में हुई अपराध समीक्षा बैठक में एसएसपी संजीव सुमन ने सख्त रुख दिखाया। जनता से जुड़ी शिकायतों पर बातचीत शुरू करते हुए खनन से जुड़ी शिकायतों पर एसओ अकराबाद रिषीपाल सिंह कसाना को और दुर्व्यवहार की शिकायतों पर एसओ हरदुआगंज रवि चंद्रवाल को लाइन हाजिर कर दिया।एसएसपी ने साफ किया कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ सहन नहीं होगा। अराजक तत्वों पर कार्रवाई से कोई किसी को नहीं रोकेगा। इसमें लापरवाही भी सहन नहीं होगी। इस दौरान विवेचना निस्तारण, पर्यवेक्षण, महिला अपराध, पुलिस अनुशासन, गश्त, अतिक्रमण, गंभीर अपराधों में कार्रवाई, वांछितों की गिरफ्तारी, सजा कराने में ठोस पैरवी, कैमरे लगवाने, और बकरीद में बेहतर प्रबंधन करने पर जोर दिया गया। अंत में छेरत लाइन में पुलिस म्यूजियम बनवाना तय किया। इस मौके पर एसपी देहात पलाश बंसल, एसपी सिटी, मृगांक शेखर पाठक, एसपी ट्रैफिक मुकेश चंद्र उत्तम आदि तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

उल्टहवा पुल के पास सड़क धसी पीडब्ल्यूडी विभाग बना अनजान

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती- विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत जमुनहा से बहराइच मार्ग पर उल्टहवा पुल के पास सड़क टूट कर धस गई है और गड्ढे में तब्दील हो गई है कभी भी छोटे बड़े वाहन दुर्घटना का शिकार हो सकते है लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग इससे अनजान बना हुआ है सड़क को बनाने का नाम नहीं ले रहा है राज्य मार्ग होने के कारण इस रास्ते पर छोटे बड़े वाहन का आवागमन रहता है क्षेत्र के लोगों ने जिला अधिकारी श्रावस्ती से सड़क बनवाने की मांग की है।



विंध्या हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर रीवा द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 50 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी

रीवा। विश्व रक्त दान दिवस के रूप में मनाया जाता है इसी क्रम में विंध्य हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर रीवा द्वारा विंध्य ब्लड बैंक के साथ उनके सहयोग से आज विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया रक्तदान के महत्व के संबंध में डॉ बी पी मिश्रा एवं डॉक्टर दिनकर दुबे एमडी मेडिसिन द्वारा चिकित्सकीय कर्मचारियों एवं समाज के नव युवकों युवतियों को अपने संदेश के जरिए विस्तार से बताया * कि रक्तदान कर हम किसी को गंभीर मरीज के जीवन की रक्षा कर सकते हैं उनके द्वारा यह भी बताया गया कि रक्तदान करने वाले व्यक्ति को इससे कोई नुकसान नहीं होता बल्कि रक्तदान करने वाला व्यक्ति को आगे आने वाले समय में उच्च रक्त तचप कोलेस्ट्रॉल एवं हार्ट की बीमारियों तथा कैंसर जैसे गंभीर बीमारियों के होने की संभावना कम हो जाती है व्यक्ति खुद को ज्यादा स्वस्थ महसूस करता है साथ ही उसे आत्म संतोष भी प्राप्त होता है रक्तदान से किसी गंभीर रोगी के जीवन रक्षा में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। आयोजित रक्तदान शिविर में 50 से अधिक रक्तदाताओं ने बढ़ चढ़कर रक्तदान में भाग लिया विंध्य अस्पताल और ब्लड बैंक केंद्र द्वारा प्रत्येक रक्तदाता को एक प्रोत्साहन प्रमाण पत्र भी जारी किया गया जिसमें यह सुविधा होगी की जरूरत पड़ने पर रक्तदाता अपने परिजनों एवं रिश्तेदारों को गंभीर मरीज हेतु एक वर्ष के अंदर रक्त की पूर्ति हेतु परेशान नहीं होगा उसे बिना रक्तदान के ही रक्त की उपलब्धता प्रमाण पत्र के आधार पर सुनिश्चित कर दी जाएगी।

एसएसबी मुख्यालय भिनगा में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती- रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी, कमान्डेंट 62वीं वाहिनी, एस.एस.बी., भिनगा के दिशा निर्देशन एवं निरुपेश कुमार, उप-कमान्डेंट की अध्यक्षता में 62वीं वाहिनी मुख्यालय भिनगा में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को नशे के खतरों के बारे में जागरूक करना और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था। कार्यशाला का शुभारंभ निरुपेश कुमार, उप कमान्डेंट द्वारा किया गया द्य उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नशा समाज के लिए एक बड़ी समस्या है और इससे युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा प्रभावित होती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहें और स्वस्थ जीवन जिएं। इसके बाद श्री जितेन्द्र मिश्रा, परामर्शदाता नशा मुक्त विशेषज्ञ, जिला चिकित्सालय श्रावस्ती के द्वारा कार्यशाला में उपस्थित जवानों को नशे से सम्बंधित विभिन्न विषयों के बारें में बताया गया, जिनमें नशे के प्रकार, नशे के दुष्प्रभाव, नशे से मुक्ति के तरीके और स्वस्थ जीवनशैली शामिल थे यह कार्यशाला 62वीं वाहिनी, एसएसबी द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वाहिनी युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर केएच. नाबा चन्द्र, सहायक कमान्डेंट, उप निरीक्षक हीरे भाग्य सुभाष, सहायक उप निरीक्षक सोहन सिंह, व वाहिनी के अन्य जवान शामिल रहे।

समाधान दिवस मे एसडीएम ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

क्यूँ न लिखूँ सच -पवन कुमार

कोंच(जालौन) आज शनिवार को तहसील सभागार मे सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया इस सम्पूर्ण समाधान की अध्यक्षता एसडीएम सुशील कुमार सिंह ने की आज विभिन्न विभागो से 41 शिकायती पत्र आये है और एक समस्या का मौके पर निस्तारण किया गया इस समाधान दिवस पर भीषण गर्मी से चलते फरियादी काफी कम आये और जो आये भी वह पीने वाले पानी के लिये परेशान रहे और अपनी प्यास बुझाने के लिए इधर उधर भागते रहे और पानी की वोतले दुकान पर खरीदते दिखे एसडीएम सुशील कुमार सिंह ने कहा की जो शिकायते आई है उन शिकायतों का समय सीमा के अंडर निस्तारण किया जाए इस अवसर पर सी ओ उमेश कुमार नायाब तहसीलदार जितेंद्र सिंह पटेल एसडीओ अनिरुद्ध कुमार मौर्य ए आर ओ मनोज कुमार तिवारी मंडी से अजीम खां बीडीओ ऑफिस से नरेश चन्द्र दुबे कोतवाली से प्रभारी लोकेंद्र सिंह एट थाने से दरोगा राम निवास कोटरा थाने से दरोगा चन्द्र पाल सिंह कैलिया एस ओ राजीव कुमार बेस सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे शिकायतों को दर्ज करने मे मनीष कुमार मोनू पीएलवी जगपाल सिंह सहित आदि लगे रहे

रंगकर्मियों को जीवन मूल्यों और संस्कारों को भी सिखाने का भी काम करती कार्यशाला - मोहम्मद नईम बॉबी

क्यूँ न लिखूँ सच
पवन कुमार

